Reader ... Ad.

# फर्द अहकाम

भरत बनाम रेखा

नाम न्यायालय : सहायक कलक्टर, बस्सी

राजस्व वाद/प्रार्थना पत्र/मुकदमा नम्बर : 67/2024

| क्रम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| | 26/11/24 | पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थी अधिवक्ता की प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा पर एक पक्षीय बहस पूर्व में सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी ने जाहिर किया कि विवादित आराजी खसरा नं. 502, 504, 504/1, 504/10, 504/11, 504/12, 504/13, 504/14, 504/15, 504/16, 504/17, 504/18, 504/19, 504/2, 504/20, 504/21, 504/3, 504/4, 504/5, 504/6, 504/7, 504/8, 504/9 कुल किता 23 कुल रकबा 9.4838 स्थित ग्राम सांभरिया प. ह. सांभरिया तह. बस्सी जि. जयपुर प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी सं. 1 लगा 4 के पूर्वज श्रवण पुत्र तुलसा के नाम से दर्ज राजस्व रिकार्ड रही है यानिकी भूमिवादग्रस्त प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी सं एक लगायत चार की पैतृक भूमि रही है। विवादित भूमि प्रार्थीगण के दादा श्रवण पुत्र तुलसा के नाम से दर्ज राजस्व रिकार्ड रही है एवं विवादित भूमि अप्रार्थी सं एक की स्वोपार्जित सम्पत्ति नहीं होकर पूर्वजो के जमाने से चली आ रही पैतृक सम्पत्ति है एवं विवादित भूमि पैतृक होने के कारण | |

# फर्द अहकाम

शरद बनाम रेखा

नाम न्यायालय : सहायक कलक्टर, बस्सी

राजस्व वाद/प्रार्थना पत्र/मुकदमा नम्बर : 67/2020

| क्रम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से |
|---|---|---|
| | | हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के<br>प्रावधानो के तहत एवं राजस्थान<br>काश्तकारी अधिनियम मे वर्णित प्रावधानो<br>के तहत प्रार्थीगण का उसके बाई बर्थ<br>राइट है इसलिए प्रार्थीगण के नाना<br>श्रवण पुत्र तुलसा की मृत्यु के<br>पश्चात राजस्व रिकार्ड मे अप्रार्थी सं०<br>एक द्वारा जो अपना अकेले का नाम<br>दर्ज करवाया गया है वह प्रार्थीगण के<br>हक व अधिकारो के मुकाबले<br>शून्य है एवं अप्रार्थी सं- एक रिश्ते<br>मे प्रार्थीगण की माता लगती है एवं<br>प्रार्थीगण को उनके वैध हक व<br>अधिकारो से महरूम करने के लिये<br>एवं लोगो के बहकावे मे आकर<br>विवादित भूमि का विक्रय करने<br>आमादा है जबकि विवादित भूमि<br>अप्रार्थी सं० 1 की स्वोपार्जित सम्पत्ति<br>न होकर प्रार्थीगण के नाना श्रवण के<br>जमाने से चली आ रही पैतृक सम्पत्ति<br>है जिसमें प्रार्थीगण का बाई बर्थ<br>राइट है अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र<br>अस्थाई निषेधाज्ञा स्वीकार कर<br>अप्रार्थीगण को अस्थाई निषेधाज्ञा से<br>पाबन्द फरमाया जावे कि वे राजस्व |

Reader
T.A. Ias Ad.

## फर्द अहकाम

भरत बनाम रेखा

यालय : सहायक कलक्टर, बस्सी

द/प्रार्थना पत्र/मुकदमा नम्बर : 07/2020

| दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष विवरण |
|---|---|---|
| | रिकार्ड मे परिवर्तन नही करे एवं राजस्व रिकार्ड एवं मौके कि यथास्थिति बनाये रखे।<br><br>पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन करने एवं दौराने बहस जाहिर तथ्यों पर मनन करने के उपरान्त हम पाते है कि अप्रार्थी सं. 1 लगा 4 रिकार्डेड खातेदार है एवं अस्थाई निषेधाज्ञा जारी करने के तीन अवयव का देखा जाना आवश्यक है प्रथम दृष्टया मामला, सुविधा का संतुलन एवं अपूरणीय क्षति चूंकि प्रार्थीगण विवादित आराजी मे रिकार्डेड काबिज काश्तकार नही है एवं अप्रार्थी सं. 1 लगा 4 रिकार्डेड काबिज खातेदार है इसलिए प्रथम दृष्टया मामला प्रार्थीगण के पक्ष मे नही बनता है।<br>उक्त रिकार्डेड काबिज खातेदार के पक्ष मे अपूरणीय क्षति मानी जाती है अत: अपूरणीय क्षति का तथ्य भी प्रार्थीगण के पक्ष मे प्रमाणित है।<br>सुविधा का संतुलन जब प्रथम दृष्टया मामला एवं अपूरणीय क्षति प्रार्थीगण के पक्ष मे नही है तो सुविधा का संतुलन भी प्रार्थीगण के विरुद्ध है | |

# फर्द अहकाम

भरत बनाम रेखा

नाम न्यायालय : सहायक कलक्टर, बस्ती

राजस्व वाद/प्रार्थना पत्र/मुकदमा नम्बर : 67/2020

| क्रम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से | |
|---|---|---|---|
| | | इसलिए अस्थाई निषेधाज्ञा के आवश्यक तीनो अवयव विरुद्ध प्रार्थीगण होने के कारण अस्थाई निषेधाज्ञा जारी किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। | |